पेज थ्री देहरादून

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भेंट करते सीएम।

देहरादून, मंगलवार 6 जुलाई 2021

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के यमुना कालोनी स्थित आवास जाकर उनसे शिष्टाचार भेंट की।

### उत्तराखंड में लागू कोविड कर्फ्यू की अवधि 13 जुलाई तक बढ़ी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में लागू कोविड कर्फ्यू की अवधि सरकार ने 13 जुलाई सुबह छह बजे तक बढाई। शॉपिंग मॉल 50 फीसद क्षमता के साथ खुलेंगे। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दी। उन्ह्होंने बताया की कोविड कर्फ्यू के शेष प्रविधान वही रखे गए है, जो वर्तमान में लागू हैं।

### शासन ने पीआरडी जवानों के लिए रोस्टर लागू करने का दिया निर्देशः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पीआरडी जवानों के कल्याण हेतु सबको रोजगार दिए जाने की दशा में सरकार द्वारा दिसंबर 2005 में शासनादेश जारी किया गया था, जिसमें प्रत्येक स्वयंसेवक जवान को 6–6 माह का रोजगार दिए जाने जाने का उल्लेख था, लेकिन 16 वर्ष बीतने के उपरांत भी रोस्टर प्रणाली को लागू नहीं किया गया।

### राज्य आंदोलनकारियों के मामले में विस का एक दिवसीय आपातकालीन सत्र बुलाएं

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने नए मुख्यमंत्री से मांग की है कि राज्य आंदोलनकारियों के मामले में विधानसभा का तत्काल एक दिवसीय आपातकालीन सत्र बुलाएं। कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने नए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि वह हाई कोर्ट के फैसले के विरुद्ध आंदोलनकारियों की नौकरियों को वैधानिक स्वीकृति दिलाई जाने हेतु तत्काल विधानसभा का एक दिवसीय आपातकालीन सत्र बुलाए। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों की बदौलत राज्य बना है।

### अमेजन प्राइम के व्यापक लाभ पूरे उत्तराखंड में कर रहे हैं मूल्यवृद्धि

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन प्राइम अपने सदस्यों को शॉपिंग और एंटरटेनमेंट बेनेफिट्स का एक बेजोड़ मिश्रण उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है इन अभूतपूर्व परिस्थितियों के दौरान कोविड–19 ने सभी को प्रभावित किया है लेकिन अमेजन का ध्यान ग्राहकों को विश्वसनीयता प्रदान करने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विक्रेताओं को अपने पैरों पर वापस खड़ा करने में मदद करने पर रहा है।

# धामी कैबिनेट ने दी एक साथ कई सौगात

**निर्णय**

■ कैबिनेट बैठक में लिये गये 06 संकल्प और 07 निर्णय की जानकारी शासकीय प्रवक्ता सुबोध उनियाल ने दी

**संवाददाता**

देहरादून। नई सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में लिये गये 06 संकल्प और 07 निर्णय की जानकारी शासकीय प्रवक्ता सुबोध उनियाल ने दिये। **कैबिनेट बैठक में लिये गए संकल्प निम्न हैं:** सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन–प्रशासन सुनिश्चित करेगी तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल द्वारा राज्य की जनता को पारदर्शी, संवेदनशील एवं त्वरित सेवाएं प्रदान करने हेतु दृढ़ संकल्प हैं।



सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है, इससे जहाँ एक ओर युवाओं को शासकीय सेवाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर युवाओं को उद्यमी बनाने हेतु स्वरोजगार के अवसर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जायेगी।

वैश्विक महामारी कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजनमानस की सुविधा हेतु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं सुलभ किये जाने हेतु सरकार संकल्पित है।


आम जनमानस की सुविधा के लिए विशेष रूप से सभी जनपदों में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को शिविरों के माध्यम से आम जनमानस को लाभान्वित किये जाने हेतु सरकार संकल्पित है।

विशेष रूप से महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए भी सरकार संकल्पित है। दलितों एवं पिछड़े कमजोर वर्ग के उत्थान एवं उन्नयन को सरकार संकल्पित। **इसके अलावा कैबिनेट के 07 प्रमुख निर्णय निम्न है:** राजकीय पॉलिटैक्निक्स में कई सालों से संविदा कर्मिकों के रूप में कार्य कर रहे ऐसे कर्मियों जिनकी सेवा में व्यवधान दे दिया गया था, इनकी सेवा को पूर्व की भांति नियंत्रण रखा जाएगा। मनरेगा कर्मियों को हड़ताल की अवधि का वेतन भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही रिक्त पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

पुलिसकर्मियों के ग्रेड वेतन और नियमावली का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट उपसमिति का गठन सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में किया जाएगा, इसके सदस्य डॉ धन सिंह रावत और श्रीमती रेखा आर्य होंगे। जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालय को जनपद की आउटसोर्सिंग एजेंसी के रूप में स्थापित किया जाएगा। जनपद के नौजवानों को उन्हीं के जनपद में रोजगार मिल सकेगा।

विभिन्न विभागों में लगभग 20–22 हजार रिक्त पदों और बैकलॉग के रिक्तियों सहित समस्त रिक्त पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।

उपनल कार्मिकों की मांगों को लेकर डॉ हरक सिंह रावत की अध्यक्षता में कैबिनेट उपसमिति का गठन किया जाएगा। इसके सदस्य गणेश जोशी और डॉ धन सिंह रावत होंगे तथा मुख्य सचिव सदस्य सचिव के रूप में होंगे।



### अतिथि शिक्षकों का वेतन 15,000 रु से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया

अतिथि शिक्षकों का वेतन रू15,000 से बढ़ाकर रूपये 25,000 किया जायेगा। मनरेगा कर्मियों के रिक्त पदों पर वाह्य स्रोत के माध्यम से भर्ती की जाएगी। कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता के आधार पर गृह जनपदों पर नियुक्ति दी जाएगी तथा इनके पदों को रिक्त नहीं समझा जायेगा।

# राज्य में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बीजापुर अतिथि गृह में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि राज्य में विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाय। भर्ती प्रक्रिया के में तेजी लाने के साथ ही पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए निश्चित समय सीमा तय की जाय। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के दृष्टिगत भर्ती प्रक्रियाओं में अधिकतम आयु में एक साल छूट प्रदान करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेशवासियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पूरी योजना बनाई जाय। उन्होंने कहा कि कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी पुख्ता व्यवस्थाएं रखी जाए। सीएचसी एवं पीएचसी स्तर तक ऑक्सीजन कन्संट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ओमप्रकाश, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द वर्द्धन, सचिव अमित नेगी, शैलेश बगोली, श्रीमती सौजन्या, एस.एन. पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव अरूणेन्द्र चौहान, सचिव अधिनस्थ सेवा चयन आयोग संतोष बडोनी उपस्थित थे।

### उत्तराखंड के मुख्य सचिव होंगे सुखबीर सिंह संधू

**संवाददाता** देहरादून। सुखबीर सिंह संधू उत्तराखंड के नए मुख्य सचिव बन गए हैं। 1988 बैच के आइएएस के संधू अब तक केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर थे। सुबह ही राज्य सरकार ने उन्हें कार्यमुक्त करने को केंद्र से आग्रह किया था। केंद्र से रिलीव होते ही मुख्य सचिव पर तैनाती दी। अभी तक 1987 बैच के ओम प्रकाश मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्हें फिलहाल प्रतीक्षारत रखा गया है। ओम प्रकाश को राजस्व परिषद का चेयरमैन बनाया गया है। सुखबीर सिंह संधू पंजाब में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अमृतसर से एमबीबीएस है । गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से उन्होंने हिस्ट्री में मास्टर डिग्री हासिल की है। इसके अतिरिक्त वह लॉ ग्रेजुएट भी है। लुधियाना में एमसी कमिश्नर के रूप में कार्य करते हुए उन्हें प्रेसिडेंट मेडल भी मिल चुका है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।